अग्रवाल महाविद्यालय का रेड क्रॉस शिविर में श्रेष्ठ प्रदर्शन

गत 28 जनवरी 2018 से 02 फरवरी 2018 तक हरियाणा राज्य की यूथ रेड क्रॉस शाखा ने माता मनसा देवी कॉम्प्लेक्स पंचकुला में छः दिवसीय शिविर का अयोजन किया। जिसमें हरियाणा राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के परामर्शदाताओं व स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस शिविर में स्वयंएवकों को समाज में पीडितों, दुखियों की सेवा के लिए प्रेरित किया, यूथ रेड क्रॉस के इतिहास से अवगत कराया। उन्हें यूथ रेड क्रॉस के जन्मदाता सर हेनरी ड्यूनांट के प्रयासों, संघषों व बलिदानों से अवगत कराया एवं स्वयंसेवकों को उनकी तरह बनने की प्रेरणा दी। शिविर में स्वयंसेवकों को प्रतिदिन प्राथमिक चिकित्सा, बडों व वृद्धों के लिए आदर, आपदा प्रबन्धन, मरीज के कमरे का प्रबंधन आदि विषयों पर व्याख्यान दिए गए ताकि स्वयंसेवक समाज कल्याण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। इस शिविर में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के पांच स्वयंसेवकों व परामर्शदाता सहायक प्रोफेसर लवकेश ने भाग लिया, स्वयंसेवकों ने यूथ रेड क्रॉस के मोटो, स्वास्थ, सेवा व मित्रता व सार्थक बनाने के लिए शपथ ली। इस शिविर में स्वयंसेवकों व परामर्श दाताओं को सुबह 6 बजे जगाकर योगा, परेड, प्रार्थना आदि करवाई जाती थी। शिविर के दौरान नृत्य, गायन व भाषण का अयोजन भी हुआ जिसमें अग्रवाल महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया व बेहतरीन प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के परामर्शदाता ने परामर्शदाता वर्ग की प्रतियोगिता में भाग लिया व द्वितीय स्थान अर्जित किया। यूथ रेड क्रॉस शिविर के माध्यम से महाविद्यालय के परामर्शदाता व स्वयंसेवकों ने समाज में पीढ़ित, दीन–दुखियारों, सडक दुर्घटनाओं में घायल मनुष्यों के लिए सेवा भाव व मदद करने की शपथ ली।